**Regarding establishment of an Ethanol distillery in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand- Laid**

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :** मै सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। झारखण्ड राज्य औद्योगिक क्षेत्र रेहला (पलामू) के अंतर्गत पर्याप्त जमीन है । यहां पर इथेनॉल की डिस्टिलरी स्थापित हो सकती हैं । चावल से इथेनॉल बनाने पर प्रदूषण की भी कोई समस्या पैदा नही होगी । उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) पूर्ण हो जाने पर पानी भी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध हो जाएगा । इसके साथ ही Value Addition कर Agro Industries एवं Pharma Industries के लिए भी प्रोडक्टस बनाये जा सकते हैं । उल्लेखनीय है कि यहां पर Rehla Caustic Soda Factory के अलावा कोई उद्योग-धन्धा नही हैं जहां पर लोगों को रोजगार मिल सके। मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विश्रामपुर प्रखण्ड के रेहला में इथेनॉल की Distillery स्थापित करने की कृपा की जाय।